

लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली
LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

**LOK SABHA SPEAKER TO LEAD INDIAN PARLIAMENTARY DELEGATION TO TENTH BRICS PARLIAMENTARY FORUM TO BE HELD IN ST PETERSBURG, RUSSIA ON 11-12 JULY 2024/लोक सभा अध्यक्ष 11-12 जुलाई 2024 को सेंट पीटर्सबर्ग, रूस में आयोजित कए जा रहे दसवें ब्रिक्स संसदीय मंच में भारतीय संसदीय शष्टमंडल का नेतृत्व करेंगे**

**…**

**THE OVERALL THEME OF FORUM IS ‘THE ROLE OF PARLIAMENTS IN STRENGTHENING MULTILATERALISM FOR EQUITABLE GLOBAL DEVELOPMENT AND SECURITY’/फोरम का मुख्य वषय है - ‘समान वैश्विक वकास और सुरक्षा के लए बहुपक्षवाद को मजबूत करने में संसदों की भू मका**

**…**

**LOK SABHA SPEAKER TO SHARE THOUGHTS ON SUB-THEME ‘THE BRICS PARLIAMENTARY DIMENSION: PROSPECTS FOR STRENGTHENING INTER-PARLIAMENTARY COOPERATION’ AND ‘THE ROLE OF PARLIAMENTS IN COUNTERING THE FRAGMENTATION OF THE MULTILATERAL TRADE SYSTEM AND OVERCOMING THREATS RELATED TO THE CONSEQUENCES OF GLOBAL CRISES’/लोक सभा अध्यक्ष ‘ब्रिक्स संसदीय आयाम: अंतर-संसदीय सहयोग को मजबूत करने की संभावनाएं’ तथा ‘बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के वखंडन वखंडन का सामना करने और वैश्विक संकटों के परिणामों से संबं धत खतरों पर काबू पाने में संसदों की भू मका पर अपने वचार साझा करेंगे**

**…**

**JOINT STATEMENT TO BE ADOPTED AT THE END OF THE SUMMIT PRESIDING OFFICERS AND MPS FROM BRICS COUNTRIES AND INVITEE COUNTRIES, NAMELY, AZERBAIJAN, ARMENIA, BELARUS, KAZHAKSTAN, KYRGYZ REPUBLIC, TAJIKISTAN, UZBEKISTAN**

**AND TURKMENISTAN AND PRESIDENT OF IPU TO PARTICIPATE IN FORUM/ ब्रिक्स देशों और आमंत्रित देशों , अर्थात् अज़रबैजान, आ र्मेनिया, बेलारूस, कजाखस्तान, क र्गेज़ गणराज्य, तजा कस्तान, उज्बे कस्तान और तुर्कमेनिस्तान के पीठासीन अ धकारी, सांसद और आईपीयू के अध्यक्ष इस फोरम की चर्चाओं में भाग लेंगे**

...

**New Delhi, 09 July 2024:** Lok Sabha Speaker Shri Om Birla will lead an Indian Parliamentary Delegation (IPD) to the Tenth BRICS Parliamentary Forum (PF) to be held in St. Petersburg, Russia on 11-12 July 2024.

The Delegation will also comprise of Shri Harivansh, Deputy Chairman, Rajya Sabha; Shri Shambhu Sharan Patel, Member of Parliament, Rajya Sabha; Shri Utpal Kumar Singh, Secretary General, Lok Sabha; Shri P.C. Mody, Secretary General, Rajya Sabha. Shri Anjani Kumar, Joint Secretary, Lok Sabha Secretariat is the Secretary to the Delegation.

The overall theme of the Tenth BRICS Parliamentary Forum is‘The Role of Parliaments in Strengthening Multilateralism for Equitable Global Development and Security’.

Speakers/Presiding Officers, Members of Parliament from BRICS Countries and Invitee countries, namely, Azerbaijan, Armenia, Belarus, Kazhakstan, Kyrgyz Republic, Tajikistan, Uzbekistan and Turkmenistan and the President of Inter-Parliamentary Union, H.E.Ms. Tulia Ackson, will participate in the meetings of BRICS Parliamentary Forum.

Lok Sabha Speaker will deliver speeches during the Plenary Sessions on two sub-themes namely ‘The BRICS Parliamentary dimension: Prospects for strengthening inter-parliamentary cooperation’ and ‘The role of Parliaments in countering the fragmentation of the multilateral trade system and overcoming threats related to the consequences of global crises’. Deputy Chairman, Rajya Sabha will also address this Forum during the Plenary Sessions on two sub-themes viz ‘The role of Parliaments in enhancing the efficiency of the system of international relations and ensuring its democratization’ and ‘Inter-parliamentary cooperation in the humanitarian and cultural spheres’.

A Joint Statement will be adopted at the end of the Summit.

On the side-lines of this Forum, Hon’ble Speaker, Lok Sabha may also hold bilateral meetings with the Presiding Officers of participating Parliaments.

Lok Sabha Speaker will also meet members of Indian Diaspora at Moscow, Russia, during his visit.

**नई दिल्ली, 09 जुलाई 2024:** लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला 11-12 जुलाई 2024 को सेंट पीटर्सबर्ग, रूस के में आयोजित किए जा रहे दसवें ब्रिक्स संसदीय मंच में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व करेंगे।

इस शिष्टमंडल में राज्य सभा के उपसभापति, श्री हरिवंश; राज्य सभा सदस्य, श्री शंभू शरण पटेल; लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह; राज्य सभा के महासचिव, श्री पी.सी. मोदी शामिल हैं । लोक सभा सचिवालय में संयुक्त सचिव, श्री अंजनी कुमार शिष्टमंडल के सचिव हैं।

दसवें ब्रिक्स संसदीय मंच का मुख्य विषय 'समान वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करने में संसदों की भूमिका' है।

ब्रिक्स देशों और आमंत्रित देशों अर्थात् अजरबैजान, आर्मिनिया, बेलारूस, कजाखस्तान, किर्गिज गणराज्य, तजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान के अध्यक्ष, संसद सदस्य और अंतर-संसदीय संघ की अध्यक्ष, महामहिम सुश्री तुलिया एक्सन, ब्रिक्स संसदीय मंच की बैठकों में भाग लेंगे।

लोक सभा अध्यक्ष पूर्ण अधिवेशन के दौरान दो उप-विषयों 'ब्रिक्स संसदीय आयाम: अंतर-संसदीय सहयोग को मजबूत करने की संभावनाएं' और 'बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के विखंडन का सामना करने और वैश्विक संकटों के परिणामों से संबंधित खतरों पर काबू पाने में संसदों की भूमिका' पर अपने विचार व्यक्त करेंगे।

राज्य सभा के माननीय उपसभापति पूर्ण अधिवेशन के दौरान दो उप-विषयों 'अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की प्रणाली की कार्यकुशलता बढ़ाने और इसका लोकतंत्रीकरण सुनिश्चित करने में संसदों की भूमिका' तथा 'मानवीय और सांस्कृतिक क्षेत्रों में अंतर-संसदीय सहयोग' पर फोरम को संबोधित करेंगे। शिखर सम्मेलन के समापन पर एक संयुक्त वक्तव्य पारित किया जाएगा।

इस सम्मेलन के दौरान माननीय लोक सभा अध्यक्ष अन्य संसदों के पीठासीन अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे।

लोक सभा अध्यक्ष इस यात्रा के दौरान मास्को, रूस में भारतीय प्रवासियों से मुलाकात भी करेंगे।